# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**शिक्षा केन्द्र" 2, समुदाय केन्द्र,**
**प्रीत विहार, दिल्ली - 110092**

## निविदा सूचना

सचिव, सीबीएसई की ओर से, बोर्ड की परीक्षाएं 2016 हेतु उत्तर-पुस्तिकाओं की इमेजिंग, स्कैनिंग और ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन के लिए ऐसे सेवा प्रदाता से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं जिन्हें सीबीएसई द्वारा आयोजित अखिल भारतीय माध्यमिक विद्यालय परीक्षा आधारित बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं की कंप्यूटर आधारित स्कैनिंग और मूल्यांकन करने के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन परीक्षा निकायों द्वारा आयोजित किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा अथवा संबद्ध केन्द्रीय/राज्य सरकार अधिनियम के तहत स्थापित किसी विद्यालय, बोर्ड, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय में डिजिटल/कंप्यूटर आधारित मूल्यांकन और आकलन का उपयुक्त अनुभव हो।

निविदा दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफों में दो-बोली प्रणाली में प्रस्तुत की जानी है। पहले लिफाफे में तकनीकी बोली एवं बयाना राशि और दूसरे लिफाफे में वित्तीय-बोली होनी चाहिए। दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में रखें जिस पर - " **बोर्ड परीक्षा 2016 हेतु उत्तर-पुस्तिकाओं के स्कैनिंग, इमेजिंग और ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन हेतु निविदा"** लिखा हो और सचिव, सीबीएसई, दिल्ली को संबोधित हो, को डाक द्वारा भेजा जा सकता है अथवा भूतल पर, सुरक्षा कर्मी के पास रखे गए निविदा-बॉक्स में दिनांक 29.02.2016 को पूर्वाहन 11.30 बजे तक अथवा उससे पहले डाला जा सकता है।

सभी विनिर्देशनों, निबंधन एवं शर्तों और अन्य विवरणों सहित निविदा-फार्म सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in अथवा सी पी पी पोर्टल https://eprocure.gov.in/cppp/ से डाउनलोड किया जा सकता है और निविदा की लागत अर्थात् रू.5000/- (पाँच हज़ार रूपये मात्र) तथा बयाना-राशि रू.1500000/- (पंद्रह लाख रूपये मात्र) किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक-ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में सचिव, सीबीएसई, प्रीत-विहार, दिल्ली के पक्ष में देय हो, सहित निविदा के साथ भेजी जाए।

तकनीकी बोली उसी दिन अर्थात् 29.02.2016 अपराहन 02.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों जो उपस्थित होना चाहें, की उपस्थिति में खोली जाएंगी। वित्तीय बोलियों को खोलने की तिथि उन निविदाकारों को सूचित कर दी जाएगी जो तकनीकी बोली में अर्हता प्राप्त कर लेंगे ।

सचिव, सीबीएसई को बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है।

**संयुक्त सचिव (प्र. एवं वि.)**